तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 21 मई 2026



13 आधुनिक सुविधाओं से लैस डायल 112 वाहनों की सौगात





14 सुशासन शिविर में फूटा जनता का गुस्सा : मंच से राजस्व विभाग पर रिश्वतखोरी के आरोप







सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

शरद कम्प्यूटर एजुकेशन, राजिम

Tally Prime, ERP- 9
With GST, MS Office,
फ़ोटो शॉप, पेजमेकर, ग्राफिक्स डिजाइन

यूनिवर्सिटी कोर्स DCA , PGDCA छात्रवृत्ति सुविधा।

रेगुलर एवं प्राइवेट कोर्स छात्रवृत्ति सुविधाएं के साथ उपलब्ध।

पता : नवीन भवन यादव ठेठवार समाज बस स्टेण्ड के पास - राजिम, मो - 98261- 96073





दुकान किराए पर देना है

नवापारा बस स्टैंड में सुसज्जित 3 दुकान किराए पर देना है

बहुत शानदार लोकेशन

फॉल सिलिंग कैमरा और सभी सुविधा

मो.: 9516940882


# तीन साल के बच्चे का सफल आपरेशन, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक पहुंचे हालचाल जानने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

**हरिभूमि की खबर का असर से बच्चे को मिला नया जीवन, जनप्रतिनिधियों की सेवाओं की हो रही सराहना**





सरकार से गुहार- मेरे बच्चे को बचा लो, भटक रहा इलाज के लिए

3 साल से बिना मलद्वार के जीने को मजबूर है कमार मासूम

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बेहराडीह के विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जनजाति के तीन वर्षीय युवराज जन्म से बिना मलद्वार पैदा हुआ था और गरीबी के चलते परिजन बच्चे का इलाज नहीं करा पा रहे थे। कई बार उच्च अधिकारियों को मांगपत्र सौंपकर थक चुके थे, लेकिन गरीब कमार आदिवासी का कोई सुनने वाला नहीं था। तीन वर्षीय युवराज के खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने 13 मई को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया, जिसके बाद इस आदिवासी कमार बच्चे के इलाज के लिए जहां एक ओर शासन प्रशासन ने ध्यान देना शुरू किया, वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़ चढ़कर बच्चे के इलाज और सहयोग के लिए सामने आये।

खबर प्रकाशित होते ही सबसे पहले जनपद सभापति एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री देवेन्द्र ठाकुर ने बच्चे के परिजनों को 10 हजार की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की और दूसरे दिन ही जिला प्रशासन एवं राजिम विधायक रोहित साहू एवं स्वास्थ्य मंत्री ने इस मामले को संज्ञान में लिया और बच्चे को इलाज के लिए रायपुर के डीके हास्पिटल रवाना किया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके स्वास्थ्य परीक्षण कर सफल आपरेशन किया। इस दिन राजिम विधानसभा के विधायक ▸▸| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज कांग्रेसी पहुंचेंगे कुल्हाड़ीघाट



मैनपुर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर 21 मई दिन गुरूवार को मैनपुर से 18 किमी दूर विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जनजाति ग्राम कुल्हाड़ीघाट मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई जायेगी। इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव भी कार्यक्रम मे शामिल होंगे। ज्ञात हो कि देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सन-1985 में इस वनांचल में बसे कुल्हाड़ीघाट ग्राम में अपने पत्नी सोनिया गांधी के साथ पहुंचे थे और राजीव गांधी के कुल्हाड़ीघाट आने के बाद कमार जनजाति के विकास और उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई। कुल्हाड़ीघाट तक पक्की सड़क पुल पुलिया का निर्माण किया गया राजीव गांधी के शहीद होने के पश्चात हर वर्ष कांग्रेस द्वारा राजीव गोदग्राम कुल्हाड़ीघाट में उनकी पुण्यतिथि पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जिसके कांग्रेस के प्रदेश ब्लॉक जिला स्तर के नेता शामिल होते रहे हैं।

**मेडिकल दुकान संचालकों ने विरोध में निकाली रैली**

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहे शहर के मेडिकल स्टोर्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद




अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और क्विक कॉमर्स कंपनियों के बढ़ते दखल के विरोध में बुधवार को गरियाबंद जिले के दवा व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करते हुए जिलेभर के मेडिकल स्टोर बंद रखे। गरियाबंद जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले केमिस्टों ने बाइक रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

- मरीजों की सुरक्षा से हो रहा खिलवाड़ ऑनलाइन कंपनियों के खिलाफ दवा व्यापारियों का प्रदर्शन गरियाबंद में एक दिवसीय हड़ताल

सुबह से ही जिले के मेडिकल स्टोर बंद रहे जिससे कई मरीजों और परिजनों को दवाइयों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर, जिलेभर के दवा व्यापारी एकजुट होकर बाइक रैली के माध्यम से नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। हालांकि मेडिकल स्टोर बंद रहने से आम लोगों को दिनभर दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन संघ ने स्पष्ट किया कि उनका यह आंदोलन केवल व्यापारिक हितों के लिए नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है।

संघ के अध्यक्ष अरुण मिश्रा और कोषाध्यक्ष अमीन मेमन ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से बिना पर्याप्त निगरानी के दवाओं की बिक्री मरीजों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है। उनका आरोप है कि बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन और अनियंत्रित होम डिलीवरी के ▸▸| शेष पेज 12 पर



### प्रावधान नहीं होने के बावजूद सालों से चल रहा कारोबार

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 तथा नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है इसके बावजूद कई ऑनलाइन कंपनियां वर्षों से निर्बाध रूप से कारोबार कर रही हैं। दवा व्यापारियों का कहना है कि भारी छूट और प्रेडेटरी प्राइसिंग के जरिए ये कंपनियां छोटे और लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर संचालकों के व्यवसाय को समाप्त करने की दिशा में काम कर रही हैं।

### व्यापारियों में दिखी एकजुटता

गरियाबंद में दवा व्यापारियों की इस एकजुटता और ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ उठी आवाज अब जिलेभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर इस आंदोलन को छोटे व्यापारियों की आजीविका और जनस्वास्थ्य सुरक्षा दोनों से जोड़कर देखा जा रहा है।

# भीषण गर्मी के बीच बदला मौसम, गाज की चपेट में आने से एक की मौत, तीन झुलसे



मैनपुर। गरियाबंद जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसा देवभोग थाना क्षेत्र के पीटापारा गांव में हुआ। जानकारी के अनुसार, पीटापारा गांव के एक ही परिवार के चार लोग खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज बारिश के साथ गरज-चमक शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए सभी खेत में बनी झोपड़ी में जाकर बैठ गए। तभी अचानक आकाशीय बिजली सीधे झोपड़ी पर गिर गई। हादसे में 33 वर्षीय ओमप्रकाश ध्रुव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए। घटना अपरान्ह 4 की बताई जा रही है,

- बारिश से बचने झोपड़ी में बैठे थे, आसमान से आई आफत

घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर किया गया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है,

**गांव में छाया अंधेरा, प्रशासन को दी खबर: उपसरपंच :** ग्राम पंचायत कैटपदर के उपसरपंच गोपनाथ नागेश ने बताया कि आंधी-तूफान से गांव में काफी नुकसान हुआ है। बिजली ▸▸| शेष पेज 12 पर

### कैटपदर में 8 बिजली खंभे गिरे, पेड़ उखड़े

देवभोग ब्लॉक के ही के ग्राम कैटपदर में आज आई तेज आंधी - बारिश ने भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के चलते गांव में बिजली के करीब 8 खंभे धराशायी हो गए, वहीं कई बड़े पेड़ भी उखड़कर सड़क पर गिर पड़े। ग्रामीणों के अनुसार हवा इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में गांव की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कई जगह तार टूटकर जमीन पर गिर गए, जिससे खतरे की स्थिति बन गई। पेड़ गिरने से रास्ते बाधित हो गए और लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# छह वर्षों में नहीं हुआ बंदोबस्त त्रुटि सुधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



जिले के ग्राम पंचायत कस में पिछले 6 वर्षों से राजस्व भूमि बंदोबस्त त्रुटि की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण अब शासन स्तर पर न्याय की उम्मीद लगाए हुए हैं। तहसीलदार कार्यालय से लेकर कलेक्टर जनदर्शन तक कई बार आवेदन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई। ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि गांव में भूमि बंदोबस्त से जुड़ी त्रुटियों के कारण कई किसानों और भूमिधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्षों से राजस्व अभिलेखों में सुधार नहीं होने से ग्रामीण लगातार शासकीय कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों की ▸▸| शेष पेज 12 पर

- ग्राम कस के ग्रामीणों ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से लगाई गुहार

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम




पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस संकट एवं महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के आदेशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के तत्वावधान में ग्राम पारागाँव बस स्टैंड में कांग्रेस द्वारा पुतला दहन किया गया। पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने कहा कि वर्तमान सरकार की गलत नीति के कारण पेट्रोल डीजल एवं रसोई गैस की संकट हो रही है एवं सम्पूर्ण देश एवं प्रदेश मे महंगाई आसमान छु रही है, जिससे देश एवं प्रदेश की आम जनता त्रस्त एवं परेशान है। कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री को आम जनता को घर से न निकलने सफर न करने और सोना न खरीदने का फरमान किया है। एक तरफ प्रदेश के गरीब मजदूर एवं किसानो के हितैषी दिखावा और तरफ सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा। आज केंद्र एवं राज्य द्वारा जनहित से जुड़े कोई उपलब्धि दिखाई नही दिया रहा ▸▸| शेष पेज 12 पर

**रास्ते में वाहन बंद होने पर चालक के पास नहीं बचता कोई विकल्प**

# बोतल-जेरीकैन में पेट्रोल बैन, ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाइक लादकर पंप पहुंचा युवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद पेट्रोल पंपों पर बोतल और जर्किन में पेट्रोल देने पर लगी रोक अब आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती दिख रही है। गरियाबंद में इसका एक ऐसा मामला सामने आया जिसने व्यवस्था की व्यावहारिक चुनौतियों को उजागर कर दिया। पेट्रोल खत्म होने पर एक युवक को अपनी मोटरसाइकिल ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर पेट्रोल पंप तक पहुंचना पड़ा। मामला गरियाबंद-रायपुर रोड स्थित शांति फ़्यूल्स पेट्रोल पंप का है, जहां मंगलवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखी मोटरसाइकिल को देखकर लोग चौक गए।

जानकारी के मुताबिक ग्रामीण युवक रास्ते में बाइक का पेट्रोल खत्म होने के बाद आसपास बोतल या जर्किन में पेट्रोल लेने की कोशिश करता रहा लेकिन पंपों में प्रतिबंध लागू होने के कारण उसे कहीं राहत नहीं मिली। ऐसे में युवक के पास कोई विकल्प नहीं बचा। मजबूरी में उसने गांव से गरियाबंद की ओर आ रहे एक ट्रैक्टर चालक से मदद मांगी और अपनी बाइक को ट्रॉली में लादकर पेट्रोल पंप पहुंचा। सवाल यह है कि यदि कोई व्यक्ति बीच रास्ते में फंस जाए तो क्या उसके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था प्रशासन ने बनाई है।

पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा कारणों से लगाए गए इस प्रतिबंध का उद्देश्य भले उचित हो लेकिन इसका सीधा असर अब आम ग्रामीणों और जरूरतमंद लोगों पर पड़ता दिख रहा है। हर व्यक्ति के पास ट्रैक्टर या अन्य साधन उपलब्ध नहीं होते कि वह अपनी बाइक या वाहन को उठाकर पेट्रोल पंप तक ला सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियम बनाने के साथ-साथ ऐसी परिस्थितियों के लिए व्यवहारिक समाधान भी जरूरी हैं। आपात स्थिति में सीमित मात्रा में पहचान सत्यापन के बाद पेट्रोल देने जैसी व्यवस्था नहीं होने से आम नागरिक अनावश्यक परेशान हो रहे हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोग सरकार और प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। कई यूजर्स ने लिखा कि सुरक्षा के नाम पर बनाए गए नियम आम जनता के लिए नई मुसीबत बनते जा रहे हैं। गरियाबंद की यह घटना यह सोचने पर मजबूर करती है कि नियमों का उद्देश्य जनता की सुविधा और सुरक्षा दोनों होना चाहिए लेकिन जब नियम ही लोगों की परेशानी बढ़ाने लगें तो उनकी समीक्षा भी जरूरी हो जाती है।


अग्रसेन धाम

SENIOR LIVING HOME

A PREMIUM OLD AGE HOME

1 मई 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी

12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित एक लाख वर्ग फ़ीट भवन सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध

उपलब्ध सुविधाएं

• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम • स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम • Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)

राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444

स्थान- ग्राम - डुंगनिया, तह.- गुण्डरदेही, (दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM) जिला - बालोद (छ.ग.)




# डेढ़ लाख आबादी वाले आदिवासी मैनपुर में मात्र तीन डॉक्टर, वर्षों से महिला डॉक्टर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के लोग छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 26 वर्षों बाद भी स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर दूसरे प्रदेश ओड़िशा पर निर्भर रहते हैं। ये हालात सरकार के स्वास्थ्य संबंधी विकास के सारे दावे की पोल खोल रही है। सरकार ने अब तक न तो अस्पताल भवनों की पर्याप्त व्यवस्था की है न ही डॉक्टरों की जिसके कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर मुख्यालय के अस्पताल भी रिफर सेंटर बनकर रह गया है। आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर शुरू से महरूम रहा है, जबकि यह क्षेत्र काफी संवेदनशील क्षेत्र के रूप में जाना जाता है हर वर्ष यहां बारिश के मौसम में अनेक जनित रोगों व बीमारियों से लोग पीड़ित रहते हैं। बारिश के सीजन प्रारंभ होते ही उल्टी, दस्त व मलेरिया का यह क्षेत्र गढ़ बन जाता है, पूर्व वर्षों मे मलेरिया उल्टी दस्त जैसे बीमारियों से कई लोगों की जाने जा चुकी है।

अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड के 180 गांवों के लगभग 1 लाख 65 हजार ग्रामीणो के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मात्र 2 डॉक्टर ही पदस्थ है। मैनपुर नगर में कहने को तो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है, यहां 1980 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला गया है और इस अस्पताल में 12 स्पेशलिस्ट एवं डॉक्टरों के पद स्वीकृत है, लेकिन इसमें से मात्र दो डॉक्टर ही इस अस्पताल को नसीब हो पाया है। यहां शिशुरोग विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ व अन्य डॉक्टरों की कमी वर्षों से बनी हुई है। यहां रोस्टर में चार डॉक्टर के पद दिखा रहे हैं, लेकिन एक डॉक्टर निलंबित है एक अनुबंध में महिला डॉक्टर आई वह छुट्टी लेकर आगे की पढ़ाई करने चली गई है। वर्तमान में मात्र दो डॉक्टर एक डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव एवं डॉ के डी जोगी ही पदस्थ है, जिसमें एक डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव बीएमओ के पद पर भी पदस्थ है, जिसके कारण उन्हें बैठक व अन्य जरूरी कार्य के चलते जिला मुख्यालय व ग्रामीण क्षेत्र के फील्ड में जाना पड़ता है। बावजूद इसके डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव एवं डॉ के डी जोगी दिनरात 24 घंटे अस्पताल में सेवा देते हुए नजर आते हैं। मैनपुर तहसील मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त डॉक्टरों की कमी के चलते नगर व क्षेत्र के लोगों को इलाज कराने आज भी राजिम, रायपुर, धमतरी, ओड़िशा धरमगढ़ जाने मजबुर होना पड़ रहा है।

## मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रिफर सेंटर बनकर रह गया, इलाज के लिए ओड़िशा व रायपुर जाने मजबूर

### वर्षों से मैनपुर में नहीं है महिला डॉक्टर

तहसील मुख्यालय मैनपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है और यहां बीएमओ सहित दो ही डॉक्टर पदस्थ है मैनपुर विकासखण्ड काफी लंबा चौड़ा है। लगभग 100 किमी के एरिया में फैला हुआ है और 1 लाख 65 हजार ग्रामीणों के लिए महज डॉक्टरों की भारी कमी बनी हुई है। सबसे ज्यादा परेशानी तहसील मुख्यालय मैनपुर में महिला डॉक्टर के नहीं होने से होती है, क्योंकि महिलाओं को अपने समस्याओं व बीमारियों को लेकर महिला डॉक्टर को आसानी से समस्या बता सकते हैं, इसलिए वर्षों से महिला डॉक्टर की मांग की जा रही है। महिला डॉक्टर को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों सहित शासन प्रशासन से मांग की जा चुकी है, लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया। मैनपुर तहसील मुख्यालय में कहने को तो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है, लेकिन यह सिर्फ रिफर सेंटर बनकर रह गया है, यहा कोई सुविधाए नहीं है। छोटे-मोटे ईलाज के लिए मैनपुर पूरे क्षेत्र के लोगों को ओडिसा के रायगढ़, धरमगढ़ एवं रायपुर जाना पड़ता है। मैनपुर अस्पताल मे 30 बिस्तर की सुविधा है। भवन भी आलिशान बना है लेकिन डॉक्टर नही है मैनपुर मे एंबुलेंस 108, 102 की भी सुविधा है।





### मैनपुर में सोनोग्राफी मशीन लगाने की जरूरत, लो वोल्टेज मे एक्सरे भी काम नहीं करता

मैनपुर में मात्र एक्सरे मशीन की सुविधा है, लेकिन इन दिनों लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण इसका जितना लाभ मिलना चाहिए नहीं मिल पाता। साथ ही 100 किमी एरियो में फैले मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोनोग्राफी मशीन लगाने की जरूरत है। वनांचल क्षेत्र के गरीब परिवारों को सोनोग्राफी के लिए जिला मुख्यालय और प्राइवेट अस्पताल रायपुर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। पूर्व में मैनपुर में सोनोग्राफी मशीन लगाने की घोषणा की गई थी, लेकिन इसमे अब तक अमल नहीं हुआ।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ यूथ रेडक्रॉस उपसमिति के वाइस चेयरमैन बने रोमन साहू



फिंगेश्वर। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर की राज्य प्रबंध समिति द्वारा विभिन्न समितियों एवं उपसमितियों का गठन किया गया है। नियम 12 अनुसूची–03 के 07 अंतर्गत गठित विभिन्न समितियों में रोमन लाल साहू को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। उन्हें यूथ रेडक्रॉस छत्तीसगढ़ राज्ययुथ रेडक्रास उपसमिति का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। रोमन लाल साहू वर्तमान में जिला में राज्य रेडक्रास प्रतिनिधि के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद वे संपूर्ण छत्तीसगढ़ में युथ रेडक्रॉस की कार्ययोजना तैयार करेंगे तथा प्रदेश के महाविद्यालयो में युथ रेडक्रॉस की गतिविधियों के संचालन एवं विस्तार को सुनिश्चित करेंगे। उनके नेतृत्व में विद्यार्थियों के बीच सेवा, स्वास्थ्य,मानवता, आपदा सहायता एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर रोमन लाल साहू ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल रमेन डेका शिक्षा मंत्री द्वय गजेंद्र यादव, टंकराम वर्मा एवं छ.ग. राज्य रेडक्रास चेयरमेन,तोमन साहू के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करेंगे।

### अवैध रेत उत्खनन व चावल मिल प्रदूषण के खिलाफ कांग्रेस का चक्काजाम 23 को



राजिम। जनपद सदस्य, प्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासियों ने राजिम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर 23 मई को मुख्य मार्ग पर एक दिवसीय चक्काजाम आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में बताया गया है कि महानदी क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध रेत उत्खनन और चावल मिलों से फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ अब क्षेत्रवासियों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। जिससे भारी वाहनों का दिन-रात आवागमन बढ़ गया है। इससे सड़कों की स्थिति जर्जर हो चुकी है, पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों, किसानों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र में संचालित चावल मिलों से निकल रहे धुएं व प्रदूषण से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने, भारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने तथा प्रदूषण फैलाने वाली चावल मिलों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जनपद सदस्य पूजा भारती, उनके प्रतिनिधि मुकेश भारती ने कहा कि इस गंभीर मुद्दे को लेकर कई बार प्रशासन को आवेदन और निवेदन दिए जा चुके हैं। सुशासन तिहार में भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन आज तक कोई स्थायी कार्रवाई नहीं हुई।

## स्वीकृत पीएम आवास को बरसात पूर्व आरंभ करने का दिया निर्देश

# बारिश से पहले आवास निर्माण पूर्ण कराने नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

- शहर में गरीबों के लिए स्वीकृत 400 आवासों का काम तेज
- हितग्राहियों से कहा – समय पर पूरा करें निर्माण

नगर पालिका क्षेत्र नवापारा में गरीब परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने की दिशा में शासन की महत्वाकांक्षी आवास योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। नगर में लगभग चार सौ आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से अनेक मकान बनकर तैयार हो चुके हैं, कई मकान निर्माणाधीन हैं, जबकि कुछ हितग्राही अभी निर्माण प्रक्रिया में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में बुधवार सुबह नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं सीएमओ लवकेश पैकरा पालिका की एक टीम के साथ शहर के सोमवारी बाजार सहित विभिन्न मोहल्लों में निरीक्षण के लिए पहुंची। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आवासों का जायजा लिया तथा हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माण कार्य में तेजी लाने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले अपने-अपने मकानों का निर्माण पूरा करा लें ताकि बरसात के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ सही तरीके से लेने तथा गुणवत्ता के साथ मकान निर्माण कराने की समझाइश भी दी। कहा कि सरकार की मंशा है कि शहर का कोई भी गरीब परिवार कच्चे मकान में रहने को मजबूर न रहे और प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को सुरक्षित एवं पक्का आवास मिल सके। अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को राज्य के विष्णुदेव साय सरकार गंभीरता के साथ पूरा करने में लगी हुई है। कहा कि सरकार द्वारा गरीब परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने लगातार कार्य किए जा रहे हैं। हर गरीब के सिर पर पक्की छत हो, हर परिवार सम्मानपूर्वक जीवन यापन करे और बारिश-धूप से सुरक्षित रहे, इसी उद्देश्य को लेकर आवास योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।



निरीक्षण के दौरान पालिका टीम ने हितग्राहियों से निर्माण संबंधी समस्याओं की जानकारी भी ली तथा आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया। नगर में चल रहे आवास निर्माण कार्यों से गरीब परिवारों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। वर्षों से पक्के मकान का सपना संजोए कई परिवार अब अपने नए आशियाने को आकार लेते देख उत्साहित नजर आ रहे हैं। शासन की इस पहल को गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। कहा कि जिन हितग्राहियो का स्वीकृत हो चुका है वे अभी काम शुरू नही किए है उसे जल्द से जल्द आरम्भ कराएं। पालिका की निरीक्षण टीम में अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ,सीएमओ लवकेश पैकरा, आवास निर्माण प्रभारी राकेश सूर्यवंशी, पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव तथा शहरवासी मौजूद थे।

# सिकासेर जलाशय से छोड़ा गया पानी, पैरी नदी में फिर लौटी धार



गरियाबंद। भीषण गर्मी में पैरी नदी के सूखने और नदी किनारे बसे सैकड़ों गांवों में गहराते निस्तारी संकट को लेकर प्रकाशित खबर के बाद जल संसाधन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए सिकासार जलाशय से पैरी नदी के लिए पानी छोड़ दिया है। नदी में पानी की धार लौटने से ग्रामीणों, पशुपालकों और किसानों ने राहत की सांस ली है। 44 डिग्री तापमान में नदी में बहती हुई पानी की धार आने से आम लोगों ने बड़ी राहत महसूस की है।

बीते दिनों भीषण गर्मी के बीच पैरी नदी पूरी तरह सूखने की स्थिति में पहुंच गई थी, जिससे नदी पर निर्भर गांवों में पेयजल, निस्तारी और मवेशियों के लिए पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया था। खबर सामने आने के बाद जल संसाधन विभाग ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल निर्णय लिया और सिकासार बांध से नियंत्रित मात्रा में पानी छोड़कर पैरी नदी को पुनर्जीवित करने की पहल की। अब नदी में पानी की आवक शुरू होने से तटीय गांवों के लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए राहत मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों बाद नदी में बहता पानी देखकर उम्मीद जगी है और निस्तारी की बड़ी समस्या फिलहाल कम हुई है। जल संसाधन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई को स्थानीय लोगों ने सराहा है।

### गतिविधियों में आई तेजी

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि आगे भी इसी तरह समय-समय पर पानी छोड़ा जाता रहेगा ताकि पैरी नदी पूरी तरह सूखने न पाए और आसपास के गांवों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पैरी नदी में फिर से पानी आने से जहां आम लोगों की परेशानी कम हुई है, वहीं पशु-पक्षियों और जलीय जीवन के लिए भी सुकूनदायक है। क्षेत्र में अब नदी किनारे फिर से गतिविधियां बढ़ने लगी हैं।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ केमिस्ट संघ ने की हड़ताल

राजिम। ऑल इंडिया ऑगेर्नाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एवं छत्तीसगढ़ राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को राजिम दवा व्यापारियों ने ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। जिलेभर की मेडिकल दुकानें बंद रखकर दवा विक्रेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम राजिम को ज्ञापन सौंपा और अवैध ऑनलाइन मेडिकल बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। दवा विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि बिना स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से दवाओं की बिक्री तेजी से बढ़ रही है, जिससे मरीजों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। संघ का कहना है कि कई ऑनलाइन कंपनियां फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन और बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं की होम डिलीवरी कर रही हैं, जो ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 की भावना के विपरीत है। ज्ञापन में कहा गया कि कोविड काल में जारी अस्थायी व्यवस्थाओं और अधिसूचनाओं का दुरुपयोग वर्तमान में ऑनलाइन कंपनियों और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म द्वारा किया जा रहा है। साथ ही भारी डिस्काउंट और प्रीडेटरी प्राइसिंग नीति के कारण छोटे और लाइसेंसधारी मेडिकल व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। दवा विक्रेता संघ ने सरकार से मांग की कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, बिना सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवा बिक्री एवं होम डिलीवरी पर प्रतिबंध लगाया जाए तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की मनमानी छूट नीति पर तत्काल रोक लगाई जाए। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि देशभर के केमिस्ट और दवा विक्रेता स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कोविड महामारी जैसे कठिन समय में भी मेडिकल संचालकों ने निर्बाध दवा आपूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी निभाई थी। ऐसे में छोटे व्यापारियों और मरीजों के हितों की रक्षा के लिए सरकार को जल्द प्रभावी कदम उठाने चाहिए। इस दौरान जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव अश्वनी ठाकुर सहित अनिल चंद्राकर, चेतन मेघवानी, डॉ. दिलीप साहू, हरीश साहू, शिव तारक, दिनेश सिंह, प्रदीप चौहान, दीपक साहू, विजेंद्र सोनकर, जितेंद्र साहू, विनय वर्मा, भागवत साहू, खेलन चक्रधारी, अखिल चौबे, सुरेश साहू, महेश्वर साहू, रुद्रदेव वर्मा, सीताराम साहू एवं वीरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में दवा विक्रेता मौजूद रहे।



# मंडी में नहीं मिल रहा धान का भाव किसान औने-पौने दाम पर बेचने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

42 डिग्री तापमान के बीच किसान कितना मेहनत कर रबी फसल धान की पैदावार कर रहे है परंतु इस बार धान का उत्पादन बेहतर होने के बावजूद किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। बुधवार को राजिम मंडी में लगभग 7 हजार कट्टा धान की आवक दर्ज की गई, लेकिन मंडी में धान के भाव उम्मीद से काफी नीचे रहे। मंडी में 1010 और 8 किस्म के धान का न्यूनतम भाव 1550 रुपए प्रति क्विंटल, मॉडल भाव 1668 रुपए तथा अधिकतम भाव 1752 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। भाव में आई भारी गिरावट से किसान चिंतित नजर आए। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने, कर्ज के दबाव और लगातार बिगड़ते मौसम के कारण उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर धान बेचना पड़ रहा है। इसे देखते हुए कई किसान सीधे राइस मिलों में जाकर अपनी उपज बेच रहे हैं। जानकारों के अनुसार नियमों के तहत मंडी व्यवस्था के बाहर सीधे मिलों में धान खरीदी करना गैरकानूनी है, लेकिन मंडी प्रशासन की ढिलाई के चलते क्षेत्र में बिचौलियों और कोचियों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। गांव-गांव में संचालित राइस मिलों में खुलेआम धान की सीधी खरीदी होते देखा जा रहा है।

# संगठन के सुदृढ़ीकरण और कार्यकर्ताओं के वैचारिक कौशल विकास को कर रहे मजबूत

राजिम। भारतीय जनता पार्टी संगठन सुदृढ़ीकरण और कार्यकर्ताओं के वैचारिक कौशल विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा जिला गरियाबंद का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग अभनपुर के अग्रवाल मंगल भवन में आयोजित किया गया है। बुधवार को विधिवत पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ इस प्रशिक्षण वर्ग का गरिमामय शुभारंभ हुआ और दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में शंखनाद हुआ। इस उच्च स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और मार्गदर्शकों की पस्थिति रही। कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू ,अध्यक्ष छग स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन चंदूलाल साहू ,भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू सहित जिले के सभी उपाध्यक्ष, सभी मंडलों के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी और गरियाबंद जिले के सभी कार्यकर्ता इस प्रशिक्षण वर्ग में विशेष रूप से शामिल हुए।



उदघाटन सत्र में वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग किसी भी राजनीतिक दल की रीढ़ होता है। इसके माध्यम से कार्यकताओं को पार्टी की रीति-नीति, इतिहास और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की कला सिखाई जाती है। यह प्रशिक्षण वर्ग आगामी सांगठनिक चुनौतियों का सामना करने और भाजपा की विचारधारा को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। 21 मई तक चलने वाले इस दो दिवसीय महाभियान में अलग-अलग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर के अनुभवी वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसमें भाजपा का इतिहास और विकास यात्रा,वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका और हमारी विचारधारा, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग और जनसंपर्क, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन जैसे प्रमुख विषय शामिल हैं। गरियाबंद जिला भाजपा के इस प्रशिक्षण वर्ग को लेकर कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में अपेक्षित कार्यकर्ता इस आवासीय प्रशिक्षण में अभनपुर पहुंचे हैं।

## पेज 11 के शेष

### तीन साल के बच्चे का सफल...

रोहित साहू भी रायपुर अस्पताल पहुंचकर बच्चे के परिजनों को जहां आर्थिक रूप से सहयोग राशि दी, वहीं दूसरी ओर बच्चे के बेहतर इलाज का निर्देश दिए। राजिम विधायक द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र से हटकर एक कमार आदिवासी बच्चे के इलाज के लिए जो सराहनीय कदम उठाया, उसका क्षेत्र के लोगों ने प्रशंसा की और आज मंगलवार को बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव डीके अस्पताल पहुंचकर भी पहुंचकर बच्चे हालचाल जाना। डॉक्टरों से चर्चा की और उनके परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही।

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद कांग्रेस भाजपा नेताओं ने बच्चे के इलाज में सामने आये

हरिभूमि अखबार ने इस विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जनजाति के बच्चे के बीमारी की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया, जिसके बाद भाजपा कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने सामने आकर बच्चे के इलाज के लिए जो प्रयास किया उसका पूरे क्षेत्र के लोगों द्वारा तारीफ की जा रही है। वहीं बच्चे के माता पिता फलेश नेताम एवं धनेश्वरी नेताम ने हरिभूमि के साथ सभी सहयोग करने वालों के अलावा जिला के कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### ऑनलाइन दवा बिक्री...

जरिए दवाएं बेची जा रही हैं, जिससे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न हो सकता है।

कोविड के दौरान घर-घर दी सेवा, अब अस्तित्व पर संकट

संघ पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि कोविड महामारी के दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों तक दवाइयां पहुंचाईं लेकिन अब उन्हीं छोटे व्यापारियों के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। उनका आरोप है कि क्विक कॉमर्स कंपनियां कोविड काल में लागू कुछ अस्थायी प्रावधानों का दुरुपयोग कर बिना पर्याप्त नियंत्रण के घर-घर दवाइयां पहुंचा रही हैं।

मेडिकल संचालकों ने अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल कड़ी कार्रवाई,बिना सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन दवा बिक्री और होम डिलीवरी पर पूर्ण प्रतिबंध, जीएसआर 817(ए) और जीएसआर 220(ए) को वापस लेने की मांग की है। इसके साथ ही और ऑनलाइन कंपनियों की भारी छूट एवं प्रेडेटरी प्राइसिंग पर रोक लगाने कहा है।

### भीषण गर्मी के बीच...

के 8 खंभे क्षतिग्रस्त हो गए हैं और कई पेड़ भी गिर गए हैं। उन्होंने प्रशासन और बिजली विभाग से जल्द मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। तूफान के बाद पूरे गांव में अंधेरा छा गया है। ग्रामीण अब बिजली व्यवस्था बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं।

### छह वर्षों में नहीं हुआ...

समस्याएं सुनने के बाद राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही राजस्व विभाग की टीम गठित कर बंदोबस्त त्रुटियों का परीक्षण कराया जाएगा तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएंगे। मंत्री से मुलाकात के बाद ग्रामीणों ने समस्या के समाधान की उम्मीद जताते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्राम कस भूमि सुधार समिति के सदस्य बलराम निषाद, सियाराम पटेल, संतोष ध्रुव, राम भरोसा, कन्हैया निषाद, सुरेंद्र यादव, रमेश कुमार निषाद एवं सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र कुमार ध्रुव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### महंगाई के खिलाफ...

है। जनता अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। लूट ,हत्या ,बलात्कार के मामले बढ़ रहे है। छत्तीसगढ़ प्रदेश धान का कटोरा कहलाता है।खेती किसानी से जुड़ा प्रदेश है। अगर पेट्रोल डीजल की कीमत में वृद्धि से मजदूरों की अभाव मे प्रभावित हो सकता है। आज किसान रासायनिक खाद एवं बीज के लिए सोसायटियो के चक्कर काट रहे है।


धरना प्रदर्शन में ये थे मौजूद

धरना प्रदर्शन में धनराज मध्यानी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ,जीत सिंह पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष ,डामन साहू पूर्व उपाध्यक्ष, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण ,रामा यादव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा, शशि प्रकाश साहू, धनेश्वरी डांडे जनपद सदस्य, कुंती साहू जनपद सदस्य ,सतीश ध्रुव ,अक्षय साहू ,ऐशकुमार साहू, चंद्रकुमार साहू, भागवत साहू, रामनारायण देवांगन, महेश बांसवार ,संजय पटेल ,दिलीप बंजारे ,दीपक तारक ,कृष्णा चक्रधारी,ताराचंद साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## राजधानी बना अपराधियों का गढ़, पूर्व विस अध्यक्ष का मोबाइल ले उड़े लुटेरेः धनेंद्र

**नवापारा-राजिम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अपराधियों के हौंसले इस कदर बुलन्द हो चुके हैं कि अब वीआईपी भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। सोमवार की सुबह राजधानी के सबसे व्यस्ततम और सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील इलाका शंकर नगर के पास एक ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, जिसने प्रदेश की कानून-व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष-विधायक धरमलाल कौशिक जब सुबह मार्निंग वॉक पर निकले थे, तब बेखौफ लुटेरे उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि जब सरकार और पुलिस प्रशासन अपने ही जनप्रतिनिधियों और विशिष्ट नागरिकों को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हो रही हैं, तो रायपुर की आम जनता भगवान भरोसे ही है। आए दिन हत्या, डकैती, लूटपट, और चाकूबाजी की बड़ी-बड़ी वारदातें आम हो चुकी हैं। पुलिस का खौफ अपराधियो में पूरी तरह से खत्म नजर आ रहा है। यह दावा पुलिस कमिश्नरी प्रणाली की उम्मीदों पर फिरा पानी है।



## राकेश बने राजिम मंडल व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक

**राजिम।** राकेश गुप्ता को राजिम मंडल का व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। श्री गुप्ता को विधायक रोहित साहू ,राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ,नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ,मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, पालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,सुनील श्रीवास्तव ,संतोष साहू ,भोजराम साहू ,महेन्द्र यादव ने बधाई दी है।



## सुराज तिहार में नागरिकों ने 34 मांगों को लेकर दिया आवेदन



**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत के वार्ड 13 में 20 मई को सुशासन तिहार का आयोजन किया गया था। इसमें मांगों से संबंधित 34 आवेदन प्राप्त हुए। भीषण गर्मी एवं प्रचार प्रसार के अभाव के चलते नागरिकों की अपेक्षाकृत भीड़ कम रही। कार्यक्रम में न तो कोई बड़ा अधिकारी आया और ना ही विधायक, सांसद कुल मिलाकर आयोजन से लोगों को निराशा ही हाथ लगी। कर्मचारियों ने पूरी ईमानदारी से टेबल मे बैठकर आने वाले नागरिकों से आवेदन लिए और टेंकर से पानी पीने का आग्रह किया। कार्यक्रम मे नगर पंचायत के राजेश सोनी,लोकू साहू, संतू यादव,बबलू साहू, शिवकुमार साहू एवं पार्शद प्रतिनिधि कमलेश कश्यप व वार्डवासी उपस्थित रहे।

**निधन**

### देवनाथ साहू

**पाण्डुका।** ग्राम कुरूद निवासी देवनाथ साहू 88 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में ग्रामीण एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। वे दुलारी साहू के पति टोमन लाल साहू, अलेन कुमार साहू के पिता थे।

**कार्यक्रम : सामाजिक भवन निर्माण के लिए 8.50 लाख की घोषणा की**

# कर्मा महोत्सव और शपथ ग्रहण में शामिल हुए विधायक रोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका







साहू समाज परिक्षेत्र पाण्डुका 22 पाली माता कर्मा महोत्सव वार्षिक अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को आसरा (पाण्डुका) में रखा गया था। इसके मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू थे, जो केंद्रीय गृह मंत्री के छत्तीसगढ़ आगमन पर आना संभव नहीं था, जिसमें विधायक द्वारा समय प्रोटोकॉल में परिवर्तित करते हुए 22 पाली साहू समाज में सुबह आठ बजे शामिल हुए और आसरा (बोडराबांधा) के साहू भवन के लिए 8.50 लाख रुपए, बोडराबांधा 6.50 लाख, नागझर (पाण्डुका) के लिए 6.50 लाख मंगल भवन की घोषणा किया है। जिसे जल्द काम शुरू करने की बात कही वही राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश भर में साहू की जनसंख्या 70 लाख से अधिक है और साहू समाज के कुल देवी देवताओं और सभी समाज के देवताओं को मै प्रणाम करता हूँ। आप सभी का स्नेह मया दुलार है जो आप सभी अपने समाज के लइका को आगे बढ़ने का मौका दिया आज आप मुझे विधायक के रूप में देख रहे है हमारे देश को चलाने के लिए जो कार्यभार दिया है हमारे तेजस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी जिसे आप सबका प्यार मिल रहा है जिसके माध्यम से मोदी की गारंटी के तहत सभी महिलाओं को एक हजार रुपया सभी के खातों में पहुंच रही है और सभी का आशीर्वाद मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय माटी पुत्र है किसान वर्ग से है, जो हमें अपने विधानसभा मे सेवा करने का मौका दिया निश्चित ही हम अपने राजिम विधान सभा के लिए कुछ करेंगे और देखना दो सालों में हमारे राजिम विधान सभा का नक्शा ही अलग होगा। आगे कहा सपना देखना है तो दिन में देखो और कड़ी मेहनत कर के उसे पाने के लिए ठान लो नीद में देखोगे कुछ नहीं कर सकते है दिन में देखो उसे पूरा करो वही सपना है। प्रदेश में 90 विधान सभा में सबसे ज्यादा काम करने मे राजिम विधानसभा का नाम पहले आ रहा है जो सबसे ज्यादा काम पास करवाकर क्षेत्र का विकाश करने में आगे बढ़ रही है।

साहू समाज परिक्षेत्र 22 गांव के पदाधिकारीयों ने पाण्डुका में जिला सहकारी बैंक खोलने के लिए मांग की वही पाण्डुका क्षेत्र के कुल 22 गांव के किसान आते है जिसमें से 12 से 14 हजार किसान जिला सहकारी बैंक गरियाबंद और दो से तीन हजार कोपरा में, दो से तीन हजार अपने ग्रामीण बैंक में पैसा निकालते है। जिसे लगभग एक महीना में मिलता है और गरियाबंद अपने गांव से 20 से 25 किलोमीटर दूर सफर करके लोगों जाना पड़ता है जहां 18 हजार से ज्यादा किसानों को पैसा लेने भटकना पड़ता है जिस पर साहू समाज द्वारा मांग रखी गई इस पर विधायक रोहित साहू ने कहा यहां बैंक की मांग पहले भी चल चुका है जिसके लिए मैने गरियाबंद बैंक अधिकारी, नोडल अधिकारी से भी बात कर ली है इसमें प्रोसेस चल रहा है पाण्डुका के किसानों के लिए एक बैंक खुलेगा लेकिन उसमें समय लगेगा आगे केंद्रीय मंत्री के प्रदेश आगमन पर व्यस्तता के कारण रायपुर जाने की बात कही इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, तुलेश्वरी साहू महिला अध्यक्ष पंडरीतराई, भाजपा नेता नागेन्द्र साहू, महेंद्र साहू पचपेड़ी प्रमुख संरक्षक, वीरेंद्र साहू अध्यक्ष साहू समाज, श्रवण साहू उपाध्यक्ष , हेमलता साहू महिला उपाध्यक्ष, युवराज साहू सचिव, टोमन लाल साहू कोषाध्यक्ष, गुलाब साहू कुटेना कार्यकारी अध्यक्ष, देवकुमार सरपंच सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी गण एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## आधुनिक सुविधाओं से लैस डायल 112 वाहनों की सौगात

**राजिम।** गरियाबंद जिले में अब पुलिस व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत और तेज हो गई है। जिले के विभिन्न थानों में डायल-112 सेवा के तहत आठ आधुनिक पुलिस वाहन तैनात किए गए हैं, जो चौबीसों घंटे सक्रिय रहकर आम जनता को तत्काल सहायता और सुरक्षा प्रदान करेंगे। किसी भी प्रकार की घटना, दुर्घटना, अपराध, छेड़खानी, मारपीट, दुष्कर्म, सड़क हादसा अथवा आपात स्थिति में अब लोगों को घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। केवल डायल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मिनटों में मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करेगी। जिले में शुरू हुई इस अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था से आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव और अधिक मजबूत हुआ है। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए यह सेवा काफी उपयोगी साबित होने वाली है। अब असामाजिक तत्वों, गुंडागर्दी करने वालों, छेड़खानी करने वालों तथा अपराध में शामिल रहने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि डायल-112 सेवा अपराध नियंत्रण में बड़ी भूमिका निभाएगी और किसी भी घटना पर तत्काल प्रतिक्रिया देकर अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इन वाहनों में आधुनिक संचार व्यवस्था, सायरन, जीपीएस





सिस्टम तथा कैमरे जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे पुलिस नियंत्रण कक्ष से सीधे संपर्क बना रहेगा। जैसे ही किसी व्यक्ति द्वारा डायल-112 पर सूचना दी जाएगी, सबसे नजदीकी वाहन तत्काल उस स्थान के लिए रवाना हो जाएगा। इससे घटनास्थल पर त्वरित सहायता मिल सकेगी और बड़ी घटनाओं को समय रहते नियंत्रित किया जा सकेगा। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में बिना घबराए तुरंत डायल-112 पर संपर्क करें। यह सेवा आम जनता की सुरक्षा और सहायता के उद्देश्य से शुरू की गई है। जिले में इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद अब लोगों को सुरक्षा का बेहतर माहौल मिलने लगा है तथा अपराधियों में पुलिस का भय भी बढ़ेगा। गरियाबंद जिले में डायल-112 सेवा की शुरूआत को लेकर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी खुशी जताई है।

# श्यामनगर में 125वें मंगलवार को भी हुआ हनुमान चालीसा पाठ



**सुरसाबांधा।** ग्राम श्यामनगर में धार्मिक आस्था, भक्ति और सामाजिक एकता का अनूठा उदाहरण देखने को मिल रहा है। यहां 2 जनवरी 2024 से लगातार प्रत्येक मंगलवार हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को 125वें मंगलवार को विशेष आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन एवं पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। ग्रामीणों ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन की सबसे खास बात यह है कि प्रत्येक मंगलवार गांव के अलग-अलग परिवार अपनी स्वेच्छा से प्रसादी लेकर आते हैं और श्रद्धालुओं के बीच वितरण करते हैं। इससे गांव में भाईचारा, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना लगातार मजबूत हो रही है। इस आयोजन को सफल बनाने में विपीन साहू, लीलाराम निषाद, ज्ञानचंद साहू, बल्लू निर्मलकर, प्रीतम, समीर, विकास साहू, संजू, तुलश, मनीष, समर, आर्यन, तारकेश, जिगर, गणेशु, महेश, डालेंद्र, दद्दू, आयुष, सौम्य, यमन, गोरेलाल,



यास्मीन, डाली, खुशी, साधना, टिया, मीनाक्षी, मधु, संगीता, राघव, भावेश, चुम्मन साहू, धैर्य राज छोटी, ऐश्वर्या, अंजली साहू, शुभम् साहू एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

**आयोजन बना गांव की पहचान :** ग्रामीणों का कहना है कि 2 जनवरी 2024 से प्रारंभ हुआ यह आयोजन आज गांव की पहचान बन चुका है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी नियमित रूप से इसमें भाग लेते हैं। 125वें मंगलवार के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी से गांव एवं क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण किया गया तथा आयोजन समिति एवं ग्रामीणों ने भविष्य में भी इसी प्रकार नियमित रूप से हनुमान चालीसा पाठ जारी रखने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन कल

**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका कार्यालय के सामने 22 मई को सुबह 10 बजे से कांग्रेस का जंगी धरना प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने बताया कि नगर की जनता महीनों से पेयजल संकट, लंबित पेंशन, आवास जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है,परंतु जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे है। जनता की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर हर उस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी, जो आम नागरिकों के अधिकारों और सम्मान से जुड़ा है। श्री यादव ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि जनहित और जनता के अधिकारों की लड़ाई है। प्रमुख मांगो में नगर के सभी वार्डों में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए,6 माह से लंबित पेंशन राशि का तत्काल भुगतान किया जाए,आबादी पट्टा धारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए,विकास कार्यों में कांग्रेस पार्षदों के साथ हो रहे भेदभावपूर्ण रवैये को बंद किया जाए,,सामुदायिक भवन को अतिक्रमण एवं कब्जे से मुक्त कर जनहित में उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाए,नगर में संचालित मांस दुकानों को व्यवस्थित एवं निर्धारित स्थान पर स्थापित किया जाए, ताकि स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य सुरक्षित रह सके। ब्लॉक अध्यक्ष रामा यादव,महामंत्री सुरेन्द्र साहू ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज सबसे बड़ी ताकत होती है।



## सुशासन तिहार में 10 गांवों के ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं 603 आवेदन प्राप्त, 43 का मौके पर हुआ निराकरण

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें, समस्याएं एवं मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखीं। शिविर में शामिल 10 गांवों के नागरिकों द्वारा कुल 603 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 43 प्रकरणों का त्वरित निराकरण मौके पर ही किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की। शिविर में ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।

■ शिविर में शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी

कलेक्टर श्री बीएस उइके के मार्गदर्शन एवं एसडीएम हितेश्वरी बाघे एवं तहसीलदार चितेश देवांगन के नेतृत्व में राजस्व विभाग द्वारा ग्राम जरनडीह के 10 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म कराई गई तथा दो बच्चों को अन्नप्राशन संस्कार के तहत खीर खिलाकर पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विकासखंड स्तर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और आमजन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वनांचल क्षेत्रें से प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व्यवस्था तथा जर्जर भवनों के पुनरुद्धार जैसे विषयों पर शासन-प्रशासन से विशेष ध्यान देने की आवश्यकता भी बताई। शिविर में जनपद सदस्य ममता ठाकुर, राधा नागेश, सावित्री बाई शिविर में सम्मिलित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# परसदा में जल संरक्षण की ली शपथ

**नवापारा-राजिम।** परसदा में जल के महत्व को लेकर व्याख्याता पूरन साहू ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरुक करते हुए सामूहिक रूप से शपथ दिलाया।

कहा कि जल ही जीवन है.जल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है. पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति और उसका विकास जल पर ही निर्भर करता है. हमारी प्रकृति पेड़ पौधे,पशु पक्षी सभी का जीवन जल पर आधारित है. लेकिन बढ़ती हुई जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और अनियंत्रित जल उपयोग के कारण जल संकट एक गंभीर समस्या बन गई है.यदि आज हम जल स्त्रोतों की रक्षा नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा. अतः प्रत्येक व्यक्ति को जल की एक-एक बूंद बचाने का प्रयास करना चाहिए. सरपंच रमेश वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं



बल्कि,प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि जल के महत्व को समझते हुए जल संरक्षण जैसे कार्य समाज के सहयोग से ही सफल हो सकते हैं.कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने जल संरक्षण की शपथ लेते हुए जल की बचत करने का संकल्प लिया. इस अवसर पर पंच आशा राम साहू, रामजी खिलवारे,टीकू यादव योगेश यादव, बैशाखू राम ध्रुव, मन्नू वर्मा, हरिश्चन्द्र साहू,नरेश साहू, लक्ष्मण साहू, सोनसाय तारक, श्याम यादव,भूषण गंगेले,विशाखा साहू, मीना साहू, मानबाई तारक, मोनिका यादव, सोनबती, जया महिलांग,फुलेश्वरी,तारामती,रानी बारले,सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## परतेवा में 3 साल बाद भी पानी टंकी का निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत परतेवा में बदहाल व्यवस्था और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। गांव में लगभग तीन साल से पानी टंकी योजना अधूरी पड़ी हुई है। हालांकि पानी टंकी का निर्माण करीब एक वर्ष पहले पूरा हो चुका है, लेकिन आज तक कई घरों में नल कनेक्शन नहीं पहुंच पाया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार परतेवा सूखाग्रस्त क्षेत्र में आता है, जहां जलस्तर 800 फीट से नीचे होने के कारण पानी बड़ी मुश्किल से मिल पाता है। गांव में पानी सप्लाई के लिए बनाए गए सिस्टम में तकनीकी खामियां भी सामने आ रही हैं। एक बोर से कनेक्शन जोड़कर टेस्टिंग की जाती है, लेकिन पाइपलाइन जगह-जगह से लीकेज होने लगती है, जिससे पानी टंकी तक सही तरीके से पानी नहीं पहुंच पा रहा। कई मोहल्लों में अब तक पाइपलाइन कनेक्शन नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि केसिंग पाइप की कमी के कारण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है।

वहीं गांव के कई हैंडपंप भी खराब पड़े हुए हैं, लेकिन पिछले दो महीनों से मिस्त्री मरम्मत के लिए गांव नहीं पहुंचे हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच षट्कोण साहू ने बताया कि ठेकेदार को लगातार फोन लगाया जा रहा है, लेकिन वह फोन तक नहीं उठाता और न ही गांव आकर समस्या का समाधान कर रहा है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

भीषण गर्मी के बीच पानी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। महिलाओं और ग्रामीणों को दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्य पूर्ण कराने, पाइपलाइन लीकेज सुधारने तथा सभी घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाने की मांग की है। साथ ही लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी उठाई है।

# रेस्ट हाउस राजिम में किसान मोर्चा की बैठक

**राजिम।** रेस्ट हाउस राजिम में किसान मोर्चा की बैठक में मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि संगठन में सबको मिलकर काम करना है। भाजपा सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचना है संगठन को शक्तिशाली और मजबूत बनाना है। कहा कि किसान मोर्चा के माध्यम से किसानों के आवाज को बुलंद करेंगे। किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष यथार्थ शर्मा ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है। देश की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है देश के विकास के लिए किसानों को सुदृढ़ एवं संपन्न बनाना भाजपा सरकार का लक्ष्य है।



संचालन महामंत्री अखिलेश गुप्ता ने किया। जितेंद्र साहू ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा उपाध्यक्ष ऋषि दुबे ,छन्नूलाल साहू ,महामंत्री अखिलेश गुप्ता ,जितेंद्र साहू ,दिनेश साहू ,गणेश पाल ,नेमीचंद साहू ,नरेश निषाद , प्रहलाद साहू नवीन गुप्ता ,महेश साहू ,भागवत देवदास ध्रुव ,शिवकुमार तारक ,कुलेश्वर साहू ,बसंत साहू,वेदराम साहू उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

जमीन बेचना है
पांडुका में सड़क किनारे करीब सवा दो एकड़ जमीन बेचना है
फार्म हाउस बनाया जा सकता है।
सड़क से एक कदम चलना नही पड़ेगा
मो.: 9752106022

# नौतपा से पहले बढ़ी गर्मी, पारा 45 डिग्री पार, लोग दोपहर बाद घर से नहीं निकल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल में गर्मी अब तीखे तेवर दिखाने लगी है। आने वाले दिनों में लोगों को भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ सकता है। इस वर्ष नौतपा की शुरुआत 25 मई को दोपहर 3:44 बजे से होगी, जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। हिंदू पंचांग और मौसम विज्ञान दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण माना जाने वाला यह काल 2 जून तक रहेगा।ज्योतिषियों और मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार नौतपा के दौरान जिले का अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसके चलते तेज लू चलने की आशंका जताई जा रही है।

### ग्रहों की चाल तय करेगी बारिश की दशा

पंडित अंजनी शरण व्यास के मुताबिक, सूर्य का रोहिणी नक्षत्र में गोचर कुल 13 दिनों का होता है, लेकिन इसके शुरुआती 9 दिन सबसे प्रमुख होते हैं, जिन्हें नौतपा कहा जाता है। मान्यता है कि इस दौरान सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ती हैं। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, नौतपा सिर्फ गर्मी ही नहीं बढ़ाता, बल्कि आने वाले वर्षा ऋतु का रुख भी तय करता है। इस दौरान बुध, चंद्र और शुक्र ग्रहों की स्थिति का बड़ा असर होता है। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच राहत भरी खबर भी सामने आई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस साल मानसून अपने निर्धारित समय से पहले, यानी 26 मई को ही केरल पहुंच सकता है। यदि ऐसा होता है, तो प्रदेश में भी मानसून की एंट्री वक्त से पहले हो सकती है, जिससे नौतपा के तुरंत बाद लोगों को उमस और गर्मी से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।



### डॉक्टरों ने दी सावधानी की सलाह

नौतपा के दौरान चलने वाली गर्म हवाओं और लू से बचने के लिए सीएमएचओ डॉक्टर आई नागेश्वर राव ने विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ, या ओआरएस का घोल पीते रहें। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। बाहर निकलते समय शरीर को पूरी तरह सूती कपड़ों से ढकें, चश्मा लगाएं और सिर पर टोपी या अंगोछा जरूर रखें। घर से खाली पेट बाहर बिल्कुल न निकलें और बासी भोजन करने से बचे।

हालांकि राहत की बात यह है कि शाम के समय तेज हवाएं चलने और हल्की बूंदाबांदी के भी संकेत मिल रहे हैं।। मंगलवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1 से 2 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम 31 डिग्री रहने की संभावना है। गुरुवार से रविवार तक अधिकतम तापमान 43 डिग्री व न्यूनतम 29 से 30 डिग्री के बीच रह सकता है। वहीं नौतपा के पहले दिन 25 मई को तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है, जिसके बाद इसके 45 डिग्री पार जाने की संभावना जताई गई है।

## खबर संक्षेप

### भागवत कथा के समापन पर पंडित युवराज ने श्रोताओं से मांगी पेड़ की दक्षिणा



**मैनपुर।** भागवत कथा समापन के बाद कथावाचक ने श्रोताओं से दक्षिणा स्वरूप कम से कम एक पेड़ लगाने की मांग की। आचार्य पंडित युवराज पांडेय ने कहा कि यह पुण्य के साथ साथ पर्यावरण के लिए भी जरूरी। गरियाबंद जिले के देवभोग में 7 दिवसीय भागवत ज्ञान सप्ताह का समापन हुआ। कृष्ण सुदामा मिलन के मार्मिक प्रसंग के साथ भगवान के लीला का वर्णन के बाद प्रचलित शैली में भजन कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं ने झुमते हुए समापन कथा का आनंद लिया। इसी बीच ब्यास पीठ से ही कथा वाचक पंडित युवराज पांडेय ने सात दिनों तक कथा सुनने वाले सभी श्रोताओं को दक्षिणा की मांग रख दी। पहले तो श्रोताओं को समझ ही नहीं आया कि ब्यास पीठ से कथावाचक ने बगैर दक्षिणा दिए पुण्य नहीं मिलेगा क्यों कह दिया। लेकिन अगले ही पल पंडित युवराज ने सभी श्रोताओं से दक्षिणा स्वरूप कम से कम एक और अधिकतम 5 पेड़ अपने आसपास लगा कर उसे जतन करने की विन्रम अपील की। पाण्डेय ने कहा कि वाचक को बगैर दक्षिणा श्रावण का फल प्राप्त नहीं होता।मुझे दिए जाने वाला यह दक्षिणा न केवल पुण्य के लिए बल्कि आज के इस परिवेश में आने वाले भविष्य को संजोने के लिए पर्यावरण सुरक्षा भी किसी पुण्य से कम नहीं है। पांडेय के इस अपील के बाद पंडाल में मौजूद सैकड़ों ने ताली बजाकर अपनी सहमति दिया।

### घायल मवेशी का समाजसेवी ने कराया उपचार



**सुरसाबांधा।** राजिम-गरियाबंद मुख्य मार्ग में ग्राम सुरसाबांधा के पास सड़क पर मवेशियों के जमावड़े के कारण लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी लोकेश साहू अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और मानवता का परिचय देते हुए घायल मवेशी की मदद में जुट गए। लोकेश साहू एवं उनके मित्रों ने तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाकर घायल मवेशी का उपचार करवाया, जिससे उसकी जान बच सकी। इस सराहनीय पहल की लोगो ने प्रशंसा की है। गांव के लोगो ने कहा कि आज के समय में घायल पशुओं की सहायता के लिए आगे आना बड़ी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचायक है। गौरतलब है कि लोकेश साहू लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं जनसेवा जैसे कार्यों में उनकी सहभागिता लगातार बनी रहती है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों के बीच उनकी अलग पहचान है।

### लोगों ने कहा - छोटे-छोटे कामों के लिए महीनों तक कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं

# सुशासन शिविर में फूटा जनता का गुस्सा : मंच से राजस्व विभाग पर रिश्वतखोरी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम कनसिंघी में आयोजित सुशासन शिविर उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब ग्रामीणों का गुस्सा खुले मंच पर फूट पड़ा। शिविर में जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। शासन की योजनाओं और समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में लोगों ने अपनी समस्याएं लेकर पहुंचना तो शुरू किया, लेकिन कई मामलों में खुद व्यवस्था पर ही गंभीर सवाल खड़े हो गए।शिविर के दौरान जिला पंचायत सदस्य लेखराज धुर्वा ने मंच से ही राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला। उन्होंने खुले शब्दों में आरोप लगाया कि छुरा तहसील कार्यालय में बिना लेनदेन कोई काम नहीं होता। आम ग्रामीणों को छोटे-छोटे कामों के लिए महीनों तक कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं और रिश्वत नहीं देने पर फाइलें लंबित रखी जाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में व्यवस्था सुधारने की बात कहते हुए कहा कि यदि हालात नहीं बदले तो जनता का आक्रोश और बढ़ेगा।

शिविर में एक मार्मिक दृश्य उस समय देखने को मिला जब कोठीगांव की वृद्ध महिला भुखई बाई नेताम अपनी समस्या लेकर पहुंची, लेकिन मंच पर कलेक्टर को बैठे देखकर बिना आवेदन दिए ही वापस लौट गई। बाद में महिला ने मीडिया से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि वह पहले भी अपनी समस्या लेकर जनदर्शन में कलेक्टर कार्यालय गई थी, जहां उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। महिला ने कहा कि उसी अनुभव के कारण उसने दोबारा आवेदन देने से इंकार कर दिया। वृद्ध महिला की पीड़ा सुनकर मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों ने भी प्रशासनिक व्यवहार पर नाराजगी जाहिर की।इसी दौरान ग्राम कनसिंघी के उपसरपंच और अन्य ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समस्याओं को लेकर आवेदन देने पहुंचे थे।





### आवेदन लेने में टालमटोल के लगे आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभागीय अधिकारी ने उनका आवेदन लेने से मना कर दिया। इस बात को लेकर मौके पर बहस की स्थिति बन गई और ग्रामीणों ने विरोध जताया। बाद में अन्य लोगों के हस्तक्षेप और दबाव के बाद आवेदन स्वीकार कर पावती दी गई।सुशासन शिविर में सामने आए इन घटनाक्रमों ने प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यशैली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब अधिकारियों की मौजूदगी वाले शिविर में भी लोगों को आवेदन देने और अपनी बात रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, तो सामान्य दिनों में सरकारी दफ्तरों में आम जनता की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।शासन द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन के उद्देश्य से सुशासन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, लेकिन कनसिंघी शिविर में जिस तरह से भ्रष्टाचार, अभद्र व्यवहार और आवेदन लेने में टालमटोल जैसे आरोप सामने आए, उसने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। अब देखना होगा कि इन शिकायतों और आरोपों पर जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

## बीसी सखी लामेश्वरी कोमर्रा सुशासन तिहार में सम्मानित, जिले में हासिल किया तीसरा स्थान

रसेला। सुशासन तिहार आयोजित कार्यक्रम में बीसी सखी आधार बैंकिंग कार्य करने वाली महिला और जिले में तीसरे स्थान पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीसी सखी ग्राम रसेला निवासी लामेश्वरी कोमर्रा को मंच पर सभी अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आधार बैंकिंग के माध्यम से लामेश्वरी कोमर्रा ने गांव के साथ आस पास के लोगों को घर बैठे वित्तीय सेवाएं जैसे पैसे निकालना,जमा करना आदि सेवाए दे रहे हैं। साथ ही साथ क्षेत्रों में महिलाओं और बुजुर्गों को घर घर बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना, ताकि उन्हें छोटी छोटी जरूरतों के लिए दूर बैंक शाखाओं में न जाना पड़े। यहां सखी माइक्रो एटीएम और बायोमेट्रिक उपकरणों के जरिए आधार सक्षम भुगतान प्रणाली से ग्रामीणों का पैसा निकालती है और सरकारी योजनाओं जैसे पेंशन, छात्रवृत्ति, गैस सब्सिडी का लाभ दिलाने में मदद करती है। यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है।वे विभिन्न बैंकिंग लेनदेन पर कमीशन और सरकारी मानदेय कमातीं है। लामेश्वरी कोमर्रा को आधार बैंकिंग में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र मिलने पर सरपंच रुपादेवी ठाकुर उपसरपंच परमेश्वर यादव, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, पटेल लोकराम यादव,डी आर यादव, शिवशंकर जयसवाल,टिकेश्वरी कोमर्रा, पीला बाई ठाकुर, राघवेंद्र यादव,डोमेश



चौहान, कुबेर बारिक,राजा कोमर्रा,कसराम ठाकुर,नरेश सोरी, पुरोहित यादव, कृष्णा यादव, दयमंती नागेश, निर्मला निषाद, मालती मरकाम, सहित सभी जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रमुखों ने ग्रामीण वित्तीय समावेशन में दिए गए शानदार योगदान को मान्यता देने वाला एक सराहनीय कदम है और सभी ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी नागपुर में टॉपर बने आकाश सिंह



**पांडुका।** जुनून और कड़े परिश्रम के बल पर हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है, इसे सच कर दिखाया है पांडुका निवासी आकाश सिंह ठाकुर ने। जाने-माने पत्रकार व इंश्योरेंस क्षेत्र के महेंद्र सिंह ठाकुर और अधिवक्ता जयश्री सिंह के सुपुत्र आकाश सिंह ठाकुर ने महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नागपुर में शानदार सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

बचपन से जुडिशरी (न्यायपालिका) के क्षेत्र में जाने और दीन-हीन पीड़ितों की सेवा करने का सपना देखने वाले आकाश ने बीए एलएलबी (ऑनर्स इन जुडिशरी जस्टिसिंग) के प्रथम वर्ष के नतीजों में टॉपर्स में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने कुल 6 विषयों में से 3 में एक्सीलेंस और 3 में A++ रैंक हासिल की है। उनकी स्कूली शिक्षा कृष्णा पब्लिक स्कूल नया रायपुर से हुई है, जहां वे हमेशा टॉपर रहे।

आकाश ने न केवल पढ़ाई में, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भोपाल नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में 10 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित नेशनल एंड इंटरनेशनल लॉ क्विज में देश की 15 टॉप लॉ यूनिवर्सिटीज को पीछे छोड़ते हुए आकाश और उनके दो सहयोगियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के माननीय जस्टिस संजय करोल के हाथों उन्हें 21,000 का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अलावा, आकाश ने देश की प्रतिष्ठित लॉ मैगजीन्स में अपने लेखों के जरिए भी अपनी विशेष पहचान बनाई है।

आकाश की इस अभूतपूर्व सफलता पर पांडुका सहित पूरे अंचल के गणमान्य नागरिकों और प्रतिष्ठित लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।

# रसोइया प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोषण आहार की दी जानकारी

- प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 650 रसोइयों ने भाग लिया

**अभनपुर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विकासखण्ड अभनपुर के रसोइयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बजरंग दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखण्ड के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 650 रसोइयों ने भाग लिया।प्रशिक्षण का आयोजन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बायो उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास से सीधे जुड़ी एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके प्रभावी क्रियान्वयन में रसोइयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने फोर्टिफाइड चावल के महत्व, उपयोगिता एवं उसके पोषण संबंधी लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि यह बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करने में सहायक है। रसोइयों से भोजन बनाते समय स्वच्छता, गुणवत्ता



एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। प्रशिक्षण के दौरान सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार साहू,प्राचार्य श्रीमती जानकी साहू एवं मास्टर ट्रेनर बसंत दीवान, हेमंत साहू, टिकेंद्र साहू, श्रीमती सोमा बनिक , श्रीमती शशिकिरण साहू द्वारा प्रशिक्षण को व्यवहारिक स्वरूप देते हुए रसोइयों को फोर्टीफाइड चावल के महत्व, उपयोगिता,फोर्टिफाइड चावल को बनाने की सही विधि, रसोईघर की स्वच्छता, गैस एवं अन्य ईंधन के सुरक्षित उपयोग तथा भोजन वितरण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को पीपीटी एवं वीडीयो के माध्यम से समुचित जानकारी दी गई।

### भीषण गर्मी में घंटों अघोषित कटौती से ग्रामीण परेशान

# मेंटनेंस के बाद भी नहीं सुधरी बिजली की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

भीषण गर्मी के बीच अंचल के गांवों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। कोपरा नगर सहित आसपास के कई गांवों में लगातार अघोषित बिजली कटौती बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन-रात हो रही बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि तेज गर्मी में घंटों बिजली गुल रहने से घरों में रहना मुश्किल हो गया है। रात के समय बिजली नहीं रहने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, वहीं बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। कई गांवों में बिजली कटौती के कारण पेयजल संकट भी गहराने लगा है, क्योंकि मोटर पंप बंद रहने से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

किसानों ने बताया कि अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है।



खेतों में लगे पंप पर्याप्त समय तक नहीं चल पा रहे, जिससे फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को भी बिजली कटौती से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कोपरा नगर के पूर्व सरपंच सूरज दाऊ ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पूर्व में मेंटनेंस कार्य के नाम पर कई घंटों तक बिजली बंद रखी गई थी ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके, लेकिन उसके बाद भी आए दिन अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि यदि विद्युत विभाग का रवैया नहीं सुधरा और ग्रामीणों को जल्द राहत नहीं मिली तो मजबूर होकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ेगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। विभागीय कर्मचारियों की कमी और तकनीकी खामियों के कारण सुधार कार्य में देरी हो रही है। कई क्षेत्रों में एक ही लाइनमैन पर कई गांवों की जिम्मेदारी होने से समस्या और बढ़ रही है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि गर्मी के इस मौसम में बिजली आपूर्ति को नियमित किया जाए, अतिरिक्त तकनीकी स्टाफ की व्यवस्था हो तथा खराब ट्रांसफार्मर और बिजली लाइनों की तत्काल मरम्मत कर लोगों को राहत दी जाए।

### किराना एवं सराफा व्यापारियों से किया संवाद, ग्राहकों की समस्याएं सुनीं

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान जारी

**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा द्वारा चलाए जा रहे धरना-प्रदर्शन एवं जनसंपर्क अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन नगर के किराना एवं सराफा व्यापारियों तथा ग्राहकों से संवाद कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाजार पहुंचकर बढ़ती महंगाई, खाद्य सामग्री की कीमतों में वृद्धि के प्रभाव को लेकर व्यापारियों और आम लोगों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है। खाद्य तेल, दाल, गैस सिलेंडर सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम बढ़ने से मध्यम एवं गरीब वर्ग परेशान है। व्यापारियों ने भी कारोबार पर पड़ रहे असर और ग्राहकों की घटती खरीद क्षमता को लेकर चिंता व्यक्त की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा के महामंत्री



हरीश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता पर लगातार बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई की मार से छोटे व्यापारी और आम उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित हैं। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को लेकर लगातार सड़क पर संघर्ष कर रही है और आगे भी आंदोलन जारी रहेगा।

वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व नगर पंचायत छुरा के पार्षद सलीम मेमन ने कहा कि प्रधानमंत्री के एक साल सोना नहीं खरीदने की अपील से सराफा व्यापारियों के ऊपर संकट आ गया है सराफा व्यापारियों से संवाद करने पर उन्होंने कहा है कि हमारा धंधा ठंडा पड़ गया है बोहनी करना भी मुश्किल हो जा रहा है , सरकार समस्या का समाधान खोजने के बजाए आम जनता को परेशान कर रही है।

कार्यक्रम में माहेश्वरी शाह अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, अब्दुल समद खान,यशपेंद्र शाह,भानुप्रताप वर्मा,नीलकंठ ठाकुर,मंजू ध्रुव,राजकुमारी सोनी,थानुराम तारक,सुखबती टांडे,अशोक दीक्षित,श्वेता चंद्राकर,लक्ष्मी ठाकुर,गुंजा ठाकुर,देश बाई ध्रुव,समीम खान,सलीम मेमन,रामजी दीवान,पंचराम टंडन,अखिल चौबे,संदीप सोनी,विकास दुबे,अल्ताफ खान,वीरेंद्र निर्मलकर,रियाज खान एवं कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम लोगों से कांग्रेस के आंदोलन को समर्थन देने की अपील की।

